# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

बिहार सरकार का एक उपक्रम

वेबसाइट: https://bsbccl.bihar.gov.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

A Government of Bihar Undertaking

Website: https://bsbccl.bihar.gov.in

BSBCCL

Build Green, Live Green!

CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–GM (HQ)–933/15(VI) दिनांक :

प्रेषक :

**प्रथम अपीलीय प्राधिकार (निगम मुख्यालय)–सह–**
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

सेवा में,

**महाप्रबंधक (दक्षिण),**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
पटना।

महाशय,

पूर्व में आवेदक श्री जगदीश्वर प्रसाद सिंह के सूचनावेदन दिनांक–28.12.2022 (आई0डी0संख्या–22, दिनांक–02.01.2023) को लोक सूचना पदाधिकारी (निगम मु0)–सह–महाप्रबंधक (परामर्शी) के पत्रांक–67 (अनु0), दिनांक–07.01.2023 द्वारा आपको हस्तांतरित किया गया था।

उक्त कम में आवेदक द्वारा प्रथम अपील दिनांक–20.04.2023 (आई0डी0संख्या–1617, दिनांक–24.04.2023) दायर किया गया है, तथा सूचित किया गया है कि पूर्व में लोक सूचना पदाधिकारी–सह–उपमहाप्रबंधक (पटना) के पत्रांक–200, दिनांक–08.02.2023 द्वारा सूचना उपलब्ध कराने हेतु उनसे 125 पन्ना प्राक्कलन तथा 20 पन्ना नक्शों के लिये कुल ₹450.00 की माँग की गई, जिसे दिनांक–22.02.2023 को ड्राफ्ट के माध्यम से उन्हें उपलब्ध करा दिया गया। परंतु आवेदक को मात्र 24 पन्ना प्राक्कलन तथा 7 पन्ना नक्शा हीं उपलब्ध कराया गया है।

आवेदक द्वारा उपर्युक्त प्रथम अपील के माध्यम से पूरा कागजात भेजवाने अथवा राशि वापस करने के संदर्भ में आग्रह किया गया है।

आवेदक से प्राप्त प्रथम अपील आवेदन (अनुलग्नक सहित) आपको हस्तांतरित किया जाता है। साथ हीं निदेशित किया जाता है कि अविलंब आवेदक के उपर्युक्त आग्रह के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करते हुये उक्त की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराई जाये।

आवेदक के द्वारा 10 रुपये (शब्दों में – दस रुपये) के दो IPOs के रुप में फीस का भुगतान किया गया है, जिसे लेखा में जमा करा दिया जायेगा।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
**प्रथम अपीलीय प्राधिकार (निगम मुख्यालय)**
**–सह–**
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक : दिनांक :

प्रतिलिपि :– श्री जगदीश्वर प्रसाद सिंह (अधिवक्ता), प्रथम मंजिल, कमला निवास, गली नं0–1, सालिमपुर अहरा, कदमकुँआ, पटना–800003 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**प्रथम अपीलीय प्राधिकार (निगम मुख्यालय)**
**–सह–**
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक : 1424 दिनांक : 25/04/23

प्रतिलिपि :– आई0टी0मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को निगम के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25.4.23

**प्रथम अपीलीय प्राधिकार (निगम मुख्यालय)**
**–सह–**
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।